भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

सं.2004/आरबीसीसी/वेब पार्ट-1

दिनांक 18 -06-2010

महाप्रबंधक,
क्षेत्रीय रेलें/उत्पादन इकाइयां

प्रबंध निदेशक,
सभी पीएसयू, क्रिस

विषय : वेबसाइट के द्विभाषी अपडेट हेतु ।

सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय का पत्र सं. 2009/ओएल1/9/1 दिनांक 20.05.2010 का पत्र प्राप्त हुआ है जो हिंदी का प्रयोग बढाने, सूचना के द्विभाषी रूप में उपलब्ध करने और वेबसाइट को द्विभाषी करने के बारे में है ।


यह देखा जा रहा है कि विभिन्न रेलवे इकाईयों की वेबसाइट महत्वपूर्ण उपयोगी जानकारियां अंग्रेजी में उपलब्ध कराने में काफी सफल साबित हो रही हैं । परंतु हिंदी वेबसाइटें पर्ण और अपडेटेड जानकारी देने के मामले में उसी रेलवे इकाई की अंग्रेजी वेबसाइट से इतनी पीछे हैं कि वे वेबसाइट देखने वाले लोगों में भरोसा जगा पाने में असफल लग रही है । हिंदी वेबसाइट यूनिकोड समर्थित फोंट में उपलब्ध न होने के कारण वेबसाइट देखने वालों को फोंट संबंधी अनावश्यक समस्याओं का भी सामना करना पडता है ।

अत: यह अनुरोध है कि सभी रेलवे इकाईयां यह सुनिश्चित करें कि अंग्रेजी वेबसाइट पर उपलब्ध सभी सामग्री/दस्तावेज हिंदी वेबसाइट पर भी उपलब्ध हों ताकि पूर्ण और नवीनतम जानकारी देने के मामले में हिंदी वेबसाइट अंग्रेजी वेबसाइट से पीछे न रहे । इसके लिए यूनीकोड समर्थित फोंट का व्यापक रूप से इस्तेमाल के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएं । इसकी सूचना इस कार्यालय तथा राजभाषा निदेशालय/रेलवे बोर्ड को भी उपलब्ध कराई जाए ।

(सुयश नारायण)
निदेशक यां.इंजी.(सी एण्ड आई एस)

सलंग्न : यथा

प्रति : निदेशक, राजभाषा



अ.शा. पत्र सं. 12015/13/2010-रा.भा.(तक.)

सत्यमेव जयते

सचिव
SECRETARY
Tel. : 24631573
Telefax : 24648559

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
राजभाषा विभाग
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
लोक नायक भवन, खान मार्किट
LOK NAYAK BHAWAN, KHAN MARKET
नई दिल्ली-110003
NEW DELHI-110003
दिनांक : 20.05.2010

प्रिय श्री खुराना,

राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए जारी किये जाने वाले वार्षिक कार्यक्रम में दिये गये विभिन्न लक्ष्यों में वेबसाइट का द्विभाषी होना भी शामिल है। यह देखा जा रहा है कि मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों की महत्वपूर्ण उपयोगी जानकारियां अंग्रेजी में उपलब्ध कराने में वेबसाइटें काफी सफल साबित हो रही हैं, परंतु कार्यालयों की हिंदी वेबसाइटें पूर्ण और अद्यतित जानकारी देने के मामले में उसी कार्यालय की अंग्रेजी वेबसाइट से इतनी पीछे हैं कि वे उपयोगकर्ता में भरोसा जगा पाने में पूर्णतया असफल है। साथ ही कुछ कार्यालयों की हिंदी वेबसाइट पर दी जा रही जानकारी मानक भाषा एनकोडिंग यानि यूनिकोड समर्थित फोंट में उपलब्ध न होने के कारण विभिन्न प्रयोगकर्ताओं को इन वेबसाइटों के उपयोग में फोंट संबंधी अनावश्यक समस्या का सामना करना पड़ता है।

2. उपरोक्त के मद्देनजर मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि कृपया अपने मंत्रालय/विभाग, इसके अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों तथा नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा अपलोड की गई अंग्रेजी वेबसाइट के संबंध में यह सुनिश्चित करायें कि वेबसाइट पर उपलब्ध सभी सामग्री/दस्तावेज यूनिकोड में हिंदी वेबसाइट पर भी उपलब्ध हो ताकि पूर्ण और ताजा जानकारी देने के मामले में हिंदी वेबसाइट अंग्रेजी वेबसाइट से पीछे न रहे। कृपया की गई कार्रवाई से राजभाषा विभाग को अवगत कराने की कृपा करें।

सादर,

आपका,

(बी.एस. परशीरा)

श्री एस.एस.खुराना,
अध्यक्ष,
रेलवे बोर्ड, रेल भवन,
नई दिल्ली।